कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3/2017/325 लखनऊः दिनांक 27 मई 2017

नीट पी0जी0 2017 के अन्तर्गत आई0एम0एस0, बी0एच0यू0, वाराणसी तथा जे0एल0एन0एम0सी0, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ की रिक्त सीटों को मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से दिनांक 31 मई 2017 को भरे जाने के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

शासनादेश संख्या–1709/71–2–17–4/2017 दिनांक 23 मई 2017 के द्वारा राजकीय क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ के लिए राज्य मेरिट सूची में पूर्व से पंजीकृत अवशेष अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से दिनांक 25.5.2017 को टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में ऑन–स्पाट काउंसिलिंग/प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे। अपरिहार्य कारणोंवश ए0एम0यू0, अलीगढ तथा बी0एच0यू0, वाराणसी से संबंधित मेडिकल कालेजों के लिए मॉप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग सम्पन्न नहीं हो पाई।

शासनादेश संख्या–1820/71–2–17–4/2017 दिनांक 27 मई 2017 (वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध) द्वारा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ के पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 31.5.2017 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से मॉप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग/प्रवेश की कार्यवाही टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ मे ऑन स्पाट सम्पन्न कराई जायेगी।

इस संबंध में अन्य आवश्यक सूचनायें वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर प्रदर्शित की जायेगी।

महानिदेशक